ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 45 ]
Total No. of Questions : 45 ]

# A

**CCE RF**
**CCE RR**

Question Paper Serial No. **101**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H**

**Code No. : 06-H**

यहाँ से काटिए

## ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : First Language — HINDI

**(ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ & ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh & Regular Repeater)**

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

ದಿನಾಂಕ : 28. 03. 2022 ] [ Date : 28. 03. 2022
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-45 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 45 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

Tear here

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं। उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए ।** **6 × 1 = 6**

1. 'सहयोग' शब्द का विलोम रूप है –

(A) सहानुभूति (B) असहयोग

(C) सहायता (D) असहाय ।

2. 'लेखक' शब्द का अन्य लिंग रूप है –

(A) कवयित्री (B) लेखनी

(C) लेखिका (D) कवि ।

3. निम्नलिखित में से 'बहुवचन' शब्द है –

(A) सपना (B) चीज़

(C) मौका (D) कारखाने ।

4. 'पीना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) पीयूष (B) पिलवाना

(C) पिलाना (D) पीपल ।

5. 'नूतन' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) नवीन (B) नयन

(C) नक्षत्र (D) नेत्र ।

6. निम्नलिखित में से 'प्रत्यय' युक्त शब्द है –

(A) निडर (B) अगोचर

(C) गरमाहट (D) चौगुना ।

**II. प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए ।**

**4 × 1 = 4**

7. इत्यादि : यण् संधि :: पुरुषोत्तम : ...................................... ।

8. दोपहर : द्विगु समास :: भाई-बहन : .................................... ।

9. बच्चे पाठशाला जा रहे हैं : वर्तमान काल :: बच्चे पाठशाला गए : ................. ।

10. जो विदेश में रहता है : विदेशी :: जो कविताएँ लिखता है : ....................... ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए । 7 × 1 = 7**

11. सत्-चित्-आनंद कौन है ?

12. गाँधीजी का जन्म कहाँ हुआ ?

13. आलूर वेंकटराव जी की अविस्मरणीय सेवा क्या है ?

14. रूसी युवतियाँ कैसे दिखाई दे रही थीं ?

15. मज़हब क्या नहीं सिखाता ?

16. नवीन जी किस चौखट को तोड़ना चाहते हैं ?

17. नेपोलियन की बहन का नाम क्या था ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दा या तीन वाक्यों में लिखिए । 10 × 2 = 20**

18. नगेन्द्र भट्टाचार्य जी के मन में बार-बार कौन सी बात आती है ?

19. पैरों में कील के चुभने पर भी रवीन्द्रनाथ जी चुप क्यों थे ?

20. बच्चे की रोने की आवाज़ सिपाही को कैसी लगी ?

21. कन्नड क्लब के बारे में लिखिए ।

22. कवि के अनुसार सामाजिक कुरीतिया को कैसे मिटा सकते हैं ?

23. हमारा देश स्वर्ग के लिए ईर्ष्या-स्थान कैसे बना है ?

24. जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग कौन-सा है ?

25. ज्योतिषी और नेपोलियन के बीच के संवाद के बारे में लिखिए ।

26. परिश्रमी व्यक्ति जीवन के रेतीले मैदानों को कैसे पार करता है ?

27. नेपोलियन की सत्यवादिता का परिचय दीजिए ।

**V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए ।** **2 × 3 = 6**

28. हरिशंकर परसाई ।

29. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना ।

**VI. छन्द पहचानकर लक्षण बताइए ।** **3**

30. जो गरीब सो हित करै, धनि रहीम वे लोग ।

**VII. अलंकार पहचानकर लक्षण बताइए ।** **3**

31. मन कांचै नाचै वृथा, सांचै रांचै राम ।

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।** **4 × 3 = 12**

32. ''आप लोग असुर की कविता तो सुन ही चुके, अब ससुर की कविता सुनिए ।''

33. ''मैंने अपने बच्चे को देखा तक नहीं ।''

34. ''तुम्हारी सत्यप्रियता अधिकांश दिल्ली में प्रसिद्ध है ।''

35. ''सबसे उधार माँगा, सबने दिया ।

यों मैं जिया और जीता हूँ

क्योंकि यही सब तो है जीवन –

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए ।** **3 × 3 = 9**

36. रुपये की महानता का वर्णन कीजिए ।

37. गाँधीजी ने चम्पारन समस्या का निवारण कैसे किया ?

38. बिहारी सच्ची भक्ति का समर्थन कैसे करते हैं ?

**X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए ।** **4**

39. जग में सुख ..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

.................................................................. को गले लगाना ।

**अथवा**

पैदा कर जिस ..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

.................................................................. स्वजीवन सारा ।

**XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए ।** **4**

40. अज्ञानियों से स्नेह करना
मानो पत्थर से चिनगारी निकालना है ।
ज्ञानियों का संग करना,
मानो दही मथकर माखन पाना है
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,
तुम्हारे भक्तों का संग करना
मानो कर्पूरगिरि की ज्योति को पाना है ।

**अथवा**

भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न है,
प्यास लगी तो तालाब-कुएँ हैं,
शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,
सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,
मेरा आत्म-सखा तू ही है ।

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ-दस वाक्यों में लिखिए ।** **2 × 4 = 8**

41. अकबरी लोटा एक ऐतिहासिक लोटा कैसे बना ? वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

जहाँगीरी अण्डे के बारे में अंग्रेज ने क्या वर्णन किया ? बताइए ।

42. मन्नु जी ने राष्ट्रीय आंदोलन में अपनी भूमिका कैसे निभाई ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

मन्नु भण्डारी के व्यक्तित्व निर्माण में शीला अग्रवाल का क्या योगदान है ? स्पष्ट कीजिए ।

**XIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **2 × 2 = 4**

43. शिक्षा मनुष्य को मनुष्य बनाती है, शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान होता है । शिक्षित मनुष्य ही राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय योगदान कर सकता है, शिक्षा का असली

उद्देश्य चरित्र का निर्माण है । बच्चे के प्रथम गुरु उसकी माँ होती है जो उसे संस्कारों से सिंचित करती हैं, आगे विद्यालय में पुस्तकीय ज्ञान के अलावा नृत्य, संगीत, आपसी प्रेम, सहयोग, अनुशासन, खेलकूद आदि की प्रशिक्षण दी जाती है । छात्र अपनी रुचि के अनुसार चयन कर सकता है और दक्षता पा सकता है । विद्यालय में उसका सवागीण विकास होता है ।

a) शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण है । स्पष्ट कीजिए ।

b) विद्यालय में बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है । कैसे ? बताइए ।

**XIV. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए ।** **5**

44. कोइ कारण बताते हुए चार दिनों की छुट्टी के लिए प्रधानाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।

**XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर बारह-पन्द्रह वाक्यों में निबंध लिखिए ।**

**1 × 5 = 5**

45. i) दूरदर्शन

ii) स्वतत्रता दिवस ।